प्रादेशिक समाचार
06.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रसायन मुक्ति खेती और प्राकृतिक खेती को सुदृढ़ करने के साथ निर्यात पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026–27 में उच्च मूल्य कृषि उत्पाद पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

*******************

रांची के रातू रोड स्थित पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस और बम निरोधक दस्ता की टीम मौके पर पहुंच गई है। फिलहाल किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

*******************

झारखंड पुलिस अदालती सम्मन की प्रक्रिया को अब पूरी तरह हाईटेक बनाने जा रही है। नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राज्य में अब 'ई–समन एप्लिकेशन' का उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में डीजीपी कार्यालय की ओर से राज्य के सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

*******************

उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आज से शुरू हो गया है। श्रद्धालु विभाग की आधिकारिक वेबसाइट रजिस्ट्रे"ान एंड टूरिस्ट केयर डॉट यूके डॉट गोव डॉट इन तथा मोबाइल ऐप टूरिस्ट केयर उत्तराखंड के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

*******************

फिनलैंड के राष्ट्रपति आलेक्सांदर स्तूब ने कहा है कि अमरीका अपने मित्र देशों और साझेदारों से परामर्श के बिना कई काम कर रहा है जबकि पहले ऐसा नहीं था। दिल्ली में रायसीना डॉयलाग के लेखक  सत्र में श्री स्तूब ने कहा कि अमरीका ग्लोबल वेस्ट से अलग–थलग हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसलिए ग्लोबल नॉर्थ वैचारिक रूप से नया ग्लोबल वेस्ट बन रहा है। उन्होंने कहा कि विकासशील और अल्प  विकसित देशों यानी ग्लोबल साऊथ को नेतृत्व करने के लिए संस्थाओं की शक्ति संरचना में बदलाव करना होगा।

*******************

देशभर में 1 से 7 मार्च तक जन औषधि सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना और इनके उपयोग के प्रति जागरूक करना है। हजारीबाग के लाखे स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से भी सैकड़ों मरीजों को किफायती दर पर दवाएं मिल रही हैं। केंद्र के संचालक उज्जवल कुमार सिन्हा ने बताया कि यहां बाजार की तुलना में करीब 70 प्रतिशत तक कम कीमत पर विभिन्न प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं।

*******************

लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के माल्हन गांव के भंडार टोला में जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय टिबरु गंझु के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद रेंजर नंद कुमार महतो के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

*******************

राज्य में अब से कुछ घंटे के बाद मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के अनुसार, आज शाम से ही राज्य के कई हिस्सों में बादल छाने की संभावना है। यह बदलाव आगामी 7 से 10 मार्च के बीच होने वाली संभावित बारिश और मेघ गर्जन का

शुरुआती संकेत है। मौसम विभाग ने विशेष रूप से कोल्हान प्रमंडल और राज्य के अन्य पूर्वी हिस्सों में कल से बारिश का अलर्ट जारी किया है।

********************

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद– आईसीसी ने आज पुरुष टी20 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित खिलाड़ियों की सूची की घोषणा की। इस सूची में शामिल होने वाले संजू सैमसन एकमात्र भारतीय क्रिकेटर हैं।

*******समाप्त************